जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 57 | अंक-19 | जयपुर, सोमवार, 19 मई, 2021 | वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# जयपुर में संक्रमण की रोकथाम के लिए बनाएं विशेष रणनीति:गहलोत

जयपुर । मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की राजधानी में कोविड रोगियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जयपुर में संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए विशेष योजना बनाएं। उन्होंने जयपुर में कोविड संक्रमण की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरे जिले में कंटेनमेंट जोन, अधिक टेस्टिंग, कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग आदि व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। गहलोत वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कोविड संक्रमण, लॉकडाउन तथा संसाधनों की उपलब्धता सहित अन्य संबंधित विषयों पर उच्च स्तरीय समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जयपुर में बीते करीब तीन सप्ताह में एक्टिव केसेज की संख्या 18 हजार से बढ़कर 51 हजार से अधिक होना तथा पॉजिटिविटी रेट का लगातार 30 प्रतिशत के आस-पास बना रहना बेहद चिंता का विषय है। इस पर प्रभावी रोकथाम के लिए हमें नई



रणनीति तैयार करनी होगी। इसके लिए शनिवार को ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा तथा चिकित्सा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग के साथ वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक होगी। मुख्यमंत्री ने कोविड रोगियों में ब्लैक फंगस रोग के मामले सामने आने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इस रोग की रोकथाम के लिए उचित चिकित्सा प्रोटोकॉल तैयार करने तथा जिला अस्पताल एवं सीएचसी स्तर तक चिकित्सकों के साथ इसकी जानकारी साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ब्लैक फंगस की शुरूआती दौर में ही पहचान कर मरीजों को इसके लिए उचित उपचार देना बहुत जरूरी है, ताकि मरीजों में यह बीमारी गंभीर रूप नहीं ले।

उन्होंने अधिकारियों को इस रोग से संबंधित दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गहलोत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना के संक्रमण के तेजी से फैलाव को देखते हुए निचले स्तर तक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आवश्यकता के अनुसार मानव संसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर सर्वे और दवा किट के वितरण के काम को प्रभावी ढंग से करने से रोगियों की समय पर जांच हो सकेगी और उन्हें प्राथमिक स्तर पर ही दवा तथा जरूरी उपचार मिल जाने से जीवन बचाना आसान होगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने कहा कि संक्रमण की रोकथाम के लिए गांव तथा शहरों के लिए अलग-अलग रणनीति बनाकर काम करना चाहिए। साथ ही, उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद स्तर पर एंटीजन टेस्ट कराए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि जयपुर सहित 7 जिलों में एक्टिव केसों की संख्या करीब 1 लाख 25 हजार है। इन जिलों के लिए भी चिकित्सा विभाग विशेष रणनीति के साथ काम करेगा।

## शहर में कोई भी श्रमिक बेरोजगार नहीं रहेगा,भूखा नहीं सोयेगा:शांति धारीवाल

जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर जन अनुशासन पखवाड़े के दौरान प्रदेश में कोई भूखा नहीं सोये को साकार करने के लिए स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के निर्देश पर कोटा जिले में इंदिरा रसोई योजना से शहर में ना केवल 22 कार्यस्थलों पर नियोजित श्रमिकों को दोनों वक्त का निशुल्क भोजन वितरण किया जा रहा है बल्कि जरूरतमंद श्रमिकों को रोजगार के विकल्प भी प्रदान किये जा रहे हैं। स्वायत्त शासन मंत्री धारीवाल ने बताया कि सरकार की मंशा जरूरतमंद श्रमिकों को समय पर रोजगार मिले तथा कोई भी नागरिक भूखा नहीं सोये, इसके लिए सभी इन्दिरा रसोई योजना से कार्यस्थलों पर नियोजित श्रमिकों को दोनों वक्त का ताजा एवं गुणवत्तायुक्त भोजन निशुल्क वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में श्रमिकों का पलायन रोककर जन अनुशासन पखवाडे के दौरान नजदीकी कार्य स्थलों पर नियोजित करने के निर्देश शहरी विकास संस्थाओं को प्रदान किय गये हैं।

## टीम इन्द्र वशिष्ट ने खेजरोली पुलिस चौकी में लगाए 101 पेड़




खेजरोली (हमारा वतन) परशुराम जन्मोत्सव पर टीम इंद्र वशिष्ठ के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित रविंद्र आचार्य के नेतृत्व में खेजरोली पुलिस चौकी पर 101 पेड़ लगाए गए । इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र वशिष्ठ ने बताया कि विश्व में वैश्विक महामारी के दौरान ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए आज टीम इन्द्र वशिष्ठ के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान पीपल, नीम,अशोक, बरगद जैसे अन्य पेड़ लगाए गए। खेजरोली चौकी अधिकारी दुलाराम द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष व संरक्षक का आभार व्यक्त किया और सभी से आग्रह किया कि सभी को पेड़ लगाना चाहिए ताकि जिससे पर्यावरण सुरक्षित हो सके । इस कार्यक्रम में श्रवण शर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा, बलवीर, सहर्ष सोनी आदि उपस्थित रहे।



## विप्र सेना की इस पहल के आगे सभी नतमस्तक

चौमूं (हमारा वतन) कोरोना महामारी ने सभी प्रदेशवासियों को झकझोर कर रख दिया है । ऐसे में सामाजिक संगठन आगे आ रहे हैं और जरूरतमंदों की मदद कर रहे हैं ।

इसी कड़ी में विप्र सेना द्वारा चौमूं से सीकर जिले के लिए चौमूं बाईपास स्थित होटल आर चंद्रा रिसॉर्ट से 120 ऑक्सीजन सिलेंडर की गाड़ी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । यह सिलेंडर जिला कलेक्टर सीकर को सौंपे जाएंगे । प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि विप्र सेना की यह अभिनव पहल है जो मरीजों के लिए संजीवनी के काम आएगी । विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि सभी संगठनों को आगे आना चाहिए और जरूरतमंदों की हर संभव मदद करनी चाहिए, तभी हम किसी की जान बचा सकते हैं । इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री अरुण चतुर्वेदी, युवा नेता पुष्पेन्द्र भारद्वाज, विप्र सेना के अमित खंडेला, होटल आर चंद्रा रिसॉर्ट के डायरेक्टर मुकेश सैनी भी मौजूद रहे ।

# अक्षय तृतीया को चौमूं ने मनाया 426 वां स्थापना दिवस

**हमारा वतन / राम गोपाल सैनी**

अक्षय तृतीया को चौमूं शहर का 426 वां स्थापना दिवस मनाया गया । चौमूं एक छोटा सा शहर है जो राजस्थान राज्य के जयपुर जिले में स्थित है। अगर हम चौमूं के इतिहास के बारे में बात करे तो चौमूं का निर्माण राजस्थान के जयपुर शहर के भी 133 साल पहले हो चुका था । चौमूं शहर ने भारत देश में अपनी ऐतिहासिक परम्परा , चौमूं का गढ़ और सांस्कृतिक महत्व की विरासत को लेकर देश में अलग पहचान बना रखी है।

**चौमूं शहर की नींव अक्षय तृतीया के अभिजीत मुहूर्त में महाराजा करण सिंह ने रखी थी । परकोटे के चार दरवाजे बनाए थे ।**



1595 में यहाँ का राजा करण सिंह हुआ करता था। करण सिंह से चौमुहां गढ़ के नाम से चौमूं की नींव रखी थी क्योंकि यह चारो और से आसपास के छेत्रो में सबसे बड़ा किला हुवा करता था। शुरू में इस किले को धराधर चौमुहां गढ़ किले के नाम से जाना जाता था। और फिर धीरे धीरे चौमुहां से चौमूं कहलाने लगा ।

हालांकि संवत 1595 में स्थापित हुए चौमूं शहर व यहां के गढ़ परिसर का स्वरूप समयानुसार धीरे-धीरे परिवर्तित होता चला गया। आज यहां पर परकोटे के अंदर भी बहुमंजिली इमारतों ने नगर को ढक रखा है। वहीं बाजारों का स्वरूप भी कुछ इस तरह ही बदलता जा रहा है। गढ़ परिसर का महल हेरिटेज होटल में तब्दील हो चुका है। महल परिसर से बाहर का हिस्सा अनाज मंडी के कब्जे में है। यहां पर देखरेख के अभाव में गढ़ परिसर के बाहर सुरक्षा की दृष्टि से बनाई गई पक्की नहर का अधिकांश भाग कचरे आदि से पाट दिया गया है। जो शेष बचा है, उसको भी पाटने की तैयारी चल रही है। नहर परिसर की दीवारें रखरखाव के अभाव में जीर्णशीर्ण हो चुकी है। अनाज मंडी द्वारा बनाई गई दुकानें नकारा साबित होने के कारण वे भी जीर्णशीर्ण अवस्था में आ चुकी है। बस शेष बचा है तो गढ़ का महल और मुख्य दरवाजे पर स्थित गढ़ गणेश मंदिर। नगर पालिका जल्द ही चारों दरवाजों का जीर्णोद्धार करवाएगी ।



## जितेंद्र सैनी कर रहे वार्ड वासियों की तन मन से सेवा

चौमूं (हमारा वतन) नगर पालिका चौमूं के वार्ड नंबर 12 निवासी जितेंद्र कुमार सैनी वार्ड वासियों की तन मन से सेवा कर रहे हैं । अगर किसी को भी दवाई, ऑक्सीजन या किसी भी प्रकार की जरूरत हो तो जितेंद्र कुमार सैनी तुरंत पहुंच कर जरूरतमंदों की सहायता कर रहे हैं । सभी वार्ड वासियों को वैक्सीन के बारे में जानकारी देते रहते हैं ।

## कविता
# यमराज भी घबराए



योगिता शर्मा



यह कैसा प्रचंड कोरोना है
देख जिसकी विभीषिका
स्वयं यमराज है घबराए
चित्रगुप्त से की गुफ्तगू
कहा यह कैसे दिन आगये
अब तो यमलोक में भी
मच गया है हाहाकार
पहले तो एक आध तुम लाते थे
अब इकट्ठे क्यों लाने लगे
कैसे करूँ इनकी व्यवस्था
न जगह है ना बेड है
भीड़ पड़ रही है भारी
लंबी लंबी है कतारें सारी
बतला के तो लाये होते
मैंने भी कंहा की है तैयारी
बोले चित्रगुप्त
क्या महामारी भी
कह के है आती?
और कहा यमराज से
ना घबराओ महाराज
देवलोक जाओ
ओर विष्णु से करो आग्रह
वो विधाता है
सृष्टि के पालनहार है
उनके पास अवश्य कोई हल होगा
देख यम बैकुंठ भी लगा डोलने
विष्णु बैठे थे मौन
विष्णु प्रिया मुस्कुरा रही थी
चित्रगुप्त ने नारद से लगाई गुहार
रुष्ट नारद ने कहा
गलती है स्वयं लोभी इंसान की
यह है माया कलयुग की
जब किया विदोहन प्रकृति का
किया दूषित जल थल वायु को
तब न यह सकुचाये
जब तो पेड़ काटे सारे
अब इनको खलती है
कमी ऑक्सीजन की
प्रभु ने कई बार चेताया
पर ना माना मानव
उन्नति के नाम पर
पर्यावरण का किया नाश
नारद ने प्रभु से की विनती
बोले,हे प्रभु!
बहुत ले ली परीक्षा
अब मानव पर तरस खाओ
जाग उठा है इंसान अब
समझ गया है मनुष्य अब
जीवन और पर्यावरण का मूल्य
मुस्काए विष्णु भगवान भी
सोचा.. चलो कोरोना ने
मानव को मानवता तो समझा दी
यह कैसा प्रचंड कोरोना है।

# कोरोना मरीजों के लिए नई उम्मीद : चेस्ट फिजियोथैरेपी

जयपुर (हमारा वतन) देशभर में कोरोना से बुरा हाल है। लगातार बढ़ते मरीजों के बीच सबसे बड़ी चिंता इस बात की है कि मरीज का इलाज आखिर कैसे हो? कोरोना की वैक्सीन आ चुकी है, लेकिन कोरोना संक्रमण के बाद इलाज को लेकर पूरी दुनिया में अलग-अलग तरह की राय है। अलग-अलग दवाइयां हैं।

इस बीच, अलग-अलग प्रदेशों में डॉक्टर अपने स्तर पर नए प्रयोग कर रहे हैं, जो कोरोना रोगियों के इलाज में मददगार भी साबित हो रहे हैं। ऐसी ही शुरुआत राजस्थान की राजधानी जयपुर में की गई है। यहां अब चेस्ट फिजियोथैरेपी दी जा रही है। इस थैरेपी से बड़ी संख्या में मरीज रिकवर हो रहे हैं।

कोरोना संक्रमित जो मरीज ऑक्सीजन की कमी के चलते परेशान हो रहे हैं, उनके लिए चेस्ट फिजियोथैरेपी कारगर साबित होती नजर आ रही है। इसके जरिए जयपुर के कई अस्पतालों में भर्ती मरीजों का न केवल सैचुरेशन (ऑक्सीजन लेवल) बढ़ा है, बल्कि मरीज के लंग्स (फेफड़ों) की रिकवरी भी तेजी से हुई है। ऐसे भी रिजल्ट सामने आए हैं कि जो मरीज ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे, इस थैरेपी से उनका ऑक्सीजन लेवल नॉर्मल हो गया।

पिछले दिनों कोरोना संक्रमितों का सैचुरेशन लेवल कुछ स्तर तक बढ़ाने के लिए डॉक्टरों ने जिस तरह प्रोनिंग करने की



सलाह दी, ठीक उसी तरह चेस्ट फिजियोथैरेपी के जरिए भी मरीजों का ऑक्सीजन लेवल बढ़ाकर उसे संतुलित लेवल पर लाया जा सकता है।

जयपुर के रि-लाइफ हॉस्पिटल के चीफ फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अवतार डोई ने बताया कि जयपुर में चेस्ट फिजियोथैरेपी को अभी दूसरे अस्पतालों में शुरू नहीं किया है, लेकिन हमने व्यक्तिगत रूप से कुछ अस्पतालों में जाकर मरीजों को ये थैरेपी दी। उन्होंने बताया कि बीते 15-20 दिन के अंदर 100 से ज्यादा मरीजों पर ये थैरेपी अपनाई है। इसके बहुत अच्छे रिजल्ट मिले हैं। इस थैरेपी से न केवल मरीज का सैचुरेशन लेवल बढ़ा, बल्कि फेफड़ों की रिकवरी भी तेजी से हुई। इसे लेने के बाद कई मरीजों को ऑक्सीजन सपोर्ट की भी जरूरत नहीं पड़ी। डॉ. अवतार डोई ने बताया कि ये थैरेपी केवल उन्हीं मरीजों को दी जाती है, जिनका सैचुरेशन लेवल 80 या उससे ऊपर है। इसमें हम मरीज के लंग्स में जमा स्पुटम (कफ) को ढीला करते हैं, जिससे कफ बाहर आने लगता है और मरीज की सांस लेने की कैपेसिटी बढ़ जाती है।

**मरीज को ऐसे मिल जाता है आराम**

1.कोविड मरीजों के फेफड़े वायरस से डैमेज तो होते ही हैं, साथ ही कई मरीजों के फेफड़ों में टाइट स्पुटम (कफ) जमने की शिकायत भी होने लगती है। कफ जमने से फेफड़े अपनी क्षमता के मुताबिक काम नहीं करते, इसके कारण मरीज की रिकवरी भी देरी से होती है।

2.रिकवरी की स्पीड को बढ़ाने के लिए मरीज के फेफड़ों से कफ हटाना जरूरी होता है, ताकि वह अच्छे से काम कर सकें और मरीज सांस ले सके।

3 .फेफड़ों में जमे टाइट कफ को ढीला कर बाहर निकालने के लिए डॉक्टर अलग-अलग दवाइयां देते हैं, जिसमें समय लगता है। जबकि चेस्ट थैरेपी में बिना दवाइयों के कफ को ढीला करते हैं और वह अपने आप मरीज के शरीर से बाहर निकलने लगता है।

4.मरीज के शरीर से जब कफ बाहर आता है तो उसे सांस लेने में आसानी होती है। संक्रमित फेफड़े भी जल्दी से ठीक होने लगते हैं।

**सीटी स्कैन की रिपोर्ट के आधार पर होती है थैरेपी**

डॉ. डोई ने बताया कि चेस्ट थैरेपी में भी तीन तरह के वॉल्यूम हैं, जो मरीज की स्थिति को देखते हुए तय किए जाते हैं। चेस्ट थैरेपी में पहले ये देखा जाता है कि फेफड़ों के किस पार्ट में ज्यादा कफ जमा है। सीधे हाथ की तरफ बने फेफड़े तीन पार्ट और उल्टे हाथ की तरफ बने फेफड़े के दो पार्ट होते हैं। इसके लिए मरीज की सीटी स्कैन रिपोर्ट देखी जाती है। इस रिपोर्ट के आधार पर अलग-अलग स्थिति में थैरेपी दी जाती है। थैरेपी में सबसे पहले मशीन से वाईब्रेशन के जरिए और उसके बाद मेन्युअली हाथों से थप्पी देते हुए टाइट कफ को ढीला किया जाता है।

# गंभीर पेयजल समस्या को लेकर विधायक शर्मा ने लिखा जिला कलेक्टर को पत्र

चौमूं (हमारा वतन) विधायक रामलाल शर्मा ने क्षेत्र में हो रही पेयजल समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर को पत्र लिखा और उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के कई गांवो और शहर के वार्ड में हो रही पेयजल समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने की मांग की।



विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि भीषण गर्मी के अंदर सरकार की ओर से राहत का पैकेज हमेशा दिया जाता है और कर्मचारी अधिकारी सतर्क रहकर काम करते हैं। लेकिन वर्तमान में पेयजल की गंभीर समस्या शहर कई वार्डो और कई गांवो में बनी हुई है, लेकिन हकीकत यह है कि कर्मचारी और अधिकारी इतने निकम्मे हो चुके हैं कि उन समस्याओं के समाधान के प्रति उनकी कोई हमदर्दी नहीं है। जनता परेशान है और अधिकारी और कर्मचारी मोबाइल फोन स्विच ऑफ करके रखते हैं और मोबाइल चालू भी है तो उसे उठाकर जवाब नहीं देते हैं। अधिकारियों द्वारा समस्याओं को सुनने के उपरांत उस बात पर कोई कार्रवाई नहीं करते। जिस तरीके से अधिकारियों का रवैया है वह अनुचित है।

इस संकट की घड़ी में यदि जलदाय विभाग के कर्मचारी अधिकारी ही जनता के बीच में रहकर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करेंगे, तो कब करेंगे? मैंने आज जिला कलेक्टर को पेयजल समस्या को दुरुस्त कराने के लिए पत्र लिखा है और पत्र के माध्यम से जिला कलेक्टर को बताया है कि आज विधानसभा क्षेत्र में पेयजल समस्याओ को लेकर सान्दरसर, बांसा, गोविंदगढ़, सामोद, चीथवाड़ी, इटावा भोपजी, उदयपुरिया, कालाडेरा सहित कई गांवों में जनता द्वारा लगातार धरने प्रदर्शन किए जा रहे हैं, परंतु मौके पर जलदाय विभाग के सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता नहीं जाते हैं और इससे आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। साथ ही विधायक रामलाल शर्मा ने जिला कलेक्टर से पेयजल विभाग के लापरवाह अधिकारी एवं कर्मचारियों खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और शहर के वार्डो एवं गांवों में पेयजल की समस्याओं का तत्काल प्रभाव से समाधान करवाने की मांग की।

# चेयरमैन विष्णु सैनी स्वयं के निजी खर्चे से करवाएंगे अस्थि विसर्जन

चौमूं (हमारा वतन) कोरोना की विषम परिस्थितियों में सभी परिजन जो अपने परिजनों की पुण्य आत्माओं की अस्थियों को गंगा जी हरिद्वार में विसर्जन नहीं कर पा रहे हैं। उनकी नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी स्वयं के निजी खर्चे से अस्थि विसर्जन करवाएंगे। चैयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने कहा कि परिजनों की परेशानी एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका द्वारा 15 मार्च 2021 से सुबह 8 बजे से सायं 5



बजे तक दिवंगत आत्माओं के अस्थि कलशो का संग्रहण मोरीजा रोड शमशान के पास भूतनाथ मंदिर में किया जा रहा है। सभी दिवंगत आत्माओं के परिजन अस्थि कलश संग्रहण करवा सकते हैं। दिवंगत आत्मा के अस्थि कलश को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हमारी होगी। जैसी ही परिस्थितियां सामान्य होंगी मेरे द्वारा स्वयं के निजी खर्चे से बस द्वारा परिजनों द्वारा गंगा जी हरिद्वार में अस्थि विसर्जन करवाने की व्यवस्था की जाएगी।

# ऑक्सीजन की कमी से मौत हुई, तो हम जिम्मेदार नहीं

जयपुर (हमारा वतन) कई ऐसे हॉस्पिटल हैं जो कोरोना मरीज के परिजनों से ऐसे लिखवा रहे हैं कि अगर ऑक्सीजन की कमी से मरीज की मौत हुई तो हॉस्पिटल प्रशासन जिम्मेदार नहीं है।




अगर परिजन ऐसा नहीं लिखते हैं तो अस्पताल प्रशासन पेशेंट को एडमिट नहीं करता है और बेड खाली नहीं होने और ऑक्सीजन नहीं होने की बात कहकर टरका देते हैं। मजबूरी में पेशेंट के परिजनों को यह लिखना ही पड़ता है कि अगर ऑक्सीजन की कमी से मेरे परिजन की मौत होती है तो उसका जिम्मेदार अस्पताल प्रशासन नहीं है। जबकि प्राइवेट हॉस्पिटल्स को भी ऑक्सीजन प्लांट द्वारा डिमांड के मुताबिक ऑक्सीजन सप्लाई हो रही है।

क्या सच में हॉस्पिटल के पास बेड खाली नहीं है ? क्या सच में ऑक्सीजन गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हो रही है ? अगर ऑक्सीजन की आपूर्ति होने पर भी मरीज की मौत हो जाती है तो फिर उसका जिम्मेदार कौन होगा ? क्या प्रशासन उठाएगा एक और कदम या फिर मूक दर्शक बना रहेगा !

# जन धन खाते में होता है इतने लाख का बीमा

नई दिल्ली (हमारा वतन) देश में बैंकिंग सुविधाओं की पैठ बढ़ाने और कम से कम हर परिवार में एक बैंक खाता खुलवाने के उद्देश्य से वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री जन धन योजना शुरू की गई थी। इसका एक मकसद यह भी था कि सरकार द्वारा गरीबों और वंचित तबकों के लिए दिया जाने वाला मौद्रिक लाभ सीधे उनके बैंक खातों में पहुंचे। PMJDY के तहत अब तक 42 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं। इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि बिना किसी रकम और न्यूनतम कागजी प्रक्रिया के साथ कोई भी व्यक्ति अपना बैंक खाता खुलवा सकता है।

जन धन खाते की एक खास बात यह भी है कि इसमें दो लाख रुपये का दुर्घटना बीमा भी शामिल है। इसे खुलवाने के लिए सिर्फ आधार कार्ड या वोटर आइडी कार्ड की जरूरत होती है। आधार कार्ड हो तो इसके लिए किसी अन्य दस्तावेज की जरूरत नहीं है। जन धन खाते के साथ खाताधारक को रुपे डेबिट कार्ड दिया जाता है, जिस पर पहले एक लाख रुपये तक दुर्घटना बीमा होता था। सरकार ने 28 अगस्त, 2018 के बाद खोले जाने वाले जन धन खातों के साथ दुर्घटना बीमा राशि बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दी। जन धन खाते के साथ 30,000 जीवन बीमा भी रहता है। खाताधारक के निधन पर उसके द्वारा नामित व्यक्ति को यह धनराशि मिलती है।

**तीन महीने में एक बार जरूर कर लें लेनदेन**

अगर खाताधारक की किसी दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है तो खाताधारक का नामित व्यक्ति संबंधित बैंक के माध्यम से दो लाख रुपये और 30,000 रुपये की राशि का दावा कर सकता है। इसके लिए, जरूरी है कि रुपे कार्डधारक ने अपने अकाउंट या रुपे कार्ड के माध्यम से दुर्घटना की तारीख से लेकर 90 दिन पहले तक कभी भी कम से कम एक लेनदेन किया हो। इसका मतलब यह है जन धन खाताधारक को तीन महीने में कम से कम एक बार तो लेनदेन कर ही लेना चाहिए।

**अकाउंट खाली होने पर भी निकाल सकते हैं 10,000 तक**

जन धन खाते के साथ रुपे कार्ड और खाताधारक को 10,000 रुपये तक की अतिरिक्त सुविधा दी जाती है। इसका मतलब यह है कि खाते में रकम नहीं होने पर भी खाताधारक 10,000 रुपये तक निकाल सकता है। खाता खुलने के छह माह बाद यह सुविधा भी उसी को मिलती है, जिसके खाते में परिचालन होता रहता है।

## जॉब्स

1. उत्तर प्रदेश पुलिस,पद एसआई, प्लाटून कमांडर, फायर ऑफिसर, पद संख्या 9535, अंतिम तिथि 30 मई 2021
2. डीएफसीसीआईएल, पद जूनियर मैनेजर, एग्जीक्यूटिव और जूनियर एग्जीक्यूटिव, पद संख्या 1074, अंतिम तिथि 23 मई 2021
3. भारतीय डाक विभाग बिहार महाराष्ट्र, पद ग्रामीण डाक सेवक, पद संख्या 4368, अंतिम तिथि 26 मई 2021
4. एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, पद टीजीटी, पीजीटी, प्रिंसिपल पद संख्या 3400, अंतिम तिथि 31 मई 2021
5. बिहार टेक्निकल सर्विस कमिशन, पद मेडिकल ऑफिसर, पद संख्या 3638, अंतिम तिथि 24 मई 2021
6. बैंक नोट प्रेस बीएनपी देवास मध्य प्रदेश, पद वेलफेयर ऑफिसर, सुपरवाइजर व अन्य, पद संख्या 135, अंतिम तिथि 11 जून 2021
7. दिल्ली सबोर्डिनेट सर्विस सिलेक्शन बोर्ड डीएसएसएसबी, पद पीजीटी, पटवारी, एल डी सी व अन्य, पद संख्या 7236, अंतिम तिथि 24 जून 2021
8. नेशनल वॉटर डेवलपमेंट एजेंसी, पद जूनियर इंजीनियर, हिंदी ट्रांसलेटर, स्टेनोग्राफर, एलडीसी व अन्य, पद संख्या 62, अंतिम तिथि 25 जून 2021

# हॉट समर डे पर गर्मी भगाने के लिए ज़रूर ट्राई करें मैंगो और डार्क चॉकलेट पॉप्सिकल रेसिपी

क्या आपका भी आइसक्रीम खाने का मन कर रहा है? तो, सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर यास्मीन कराचीवाला को फॉलो करें, जिन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी पसंदीदा मैंगो और डार्क चॉकलेट पॉप्सिकल रेसिपी साझा की है। आम का मौसम है और ये दुनिया के सबसे लोकप्रिय फलों में से एक है, जो स्वादिष्ट और पौष्टिक दोनों होता है। यदि आपको आम से बना कुछ मीठा खाने का मन कर रहा है तो, ये मैंगो और डार्क चॉकलेट पॉप्सिकल रेसिपी आपकी क्रेविंग को पूरा करेगी। गर्मियों की गर्मी को मात देने और कुछ मीठा खाने के लिए, बॉलीवुड फिटनेस सेलिब्रिटी ट्रेनर यास्मीन कराचीवाला ने अपनी पसंदीदा रेसिपी साझा की है। उन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपने फॉलोअर्स के साथ इसकी रेसिपी साझा की है, और यह बनाने में बेहद आसान है तो आइये जानते हैं इसकी रेसिपी-



**मैंगो और डार्क चॉकलेट पॉप्सिकल बनाने के लिए आपको चाहिए-** 1 आम, 1/2 कप नारियल दही (आप अपनी पसंद के किसी भी दही का उपयोग कर सकते हैं), 1/4 छोटा चम्मच ऑरेंज जेस्ट

*पिघली हुई डार्क चॉकलेट-यहां बताया गया है कि आप अपनी खुद की पॉपस्कूल कैसे बना सकते हैं*

1: आम को ठन्डे पानी से धो लें, इसे सुखाएं और बाहरी परत को छीलें, इसके बाद इसे छोटे स्लाइस में काट लें।

2: अगला, आम के स्लाइस, दही और ऑरेंज जेस्ट को ब्लेंड कर लें। एक चिकनी और मलाईदार बनावट दिखाई देने तक सामग्री को ब्लेंड करें।

3: अब, पॉप्सिकल मोल्ड में गाढ़ा मिश्रण डालें और मोल्ड में पॉप्सिकल स्टिक जोड़ें।

4: कम से कम 6-7 घंटे या रात भर के लिए पॉप्सिकल्स को फ्रीज करें और यह सुनिश्चित करें कि वे अगले चरण के लिए तैयार हैं।


5: अगले चरण के रूप में, डार्क चॉकलेट पिघलाएं और जमे हुए आम पॉप्सिकल्स को चॉकलेट में डुबोएं।

6: पॉप्सिकल्स को एक और आधे घंटे के लिए जमने दें और फिर आप उन्हें परोसने और आनंद लेने के लिए तैयार हैं! यास्मीन ने यहां सलाह दी कि 'यदि आपको चॉकलेट पसंद नहीं है तो सिर्फ आम का इस्तेमाल करें'।

**अब जानिये ये आपके लिए कैसे फायदेमंद है?** आम में कैलोरी कम और पोषक तत्व अधिक होते हैं। यह विटामिन सी से भरा हुआ है जो प्रतिरक्षा, आयरन के अवशोषण और ऊतकों और मांसपेशियों की वृद्धि और मरम्मत में सहायक होता है।आम एंटीऑक्सीडेंट में उच्च होते हैं जिससे हृदय रोगों का खतरा कम होता है। यह फल त्वचा और बालों के लिए भी फायदेमंद होता है और झुर्रियों को दूर कर सकता है।इसमें पाचक एंजाइमों का एक समूह होता है जिसे एमाइलेज कहा जाता है जो पाचन को आसान बनाने में मदद करता है। दूसरी ओर, चॉकलेट्स एंटीऑक्सिडेंट से भरी हुई हैं और सूजन को कम करने में सहायता करती हैं, खराब एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का स्तर और रक्तचाप को भी नियंत्रित करती हैं।यह पौष्टिक और स्वादिष्ट उपचार हृदय रोग के जोखिम कारकों को कम करने में भी सहायक है।तो, इस कूल और ताज़ा आम पॉप्सिकल्स के साथ गर्मी को हरा दें और इस आसान व्यंजन का आनंद लें!

## करिश्मा तन्ना ने HOT अवतार में इंस्टाग्राम पर लगाई आग

करिश्मा तन्ना ने सोशल मीडिया पर एक बार फिर अपने हॉट अंदाज से तहलका मचा दिया है। करिश्मा के इस लुक को देख उनके फैन्स उनकी तारीफ किए बिना नहीं रह पा रहे हैं। तो आइए आपको दिखाते हैं करिश्मा तन्ना का ये बोल्ड अंदाज। इन तस्वीरों में करिश्मा तन्ना बेहद हॉट एंड बोल्ड नजर आ रहीं हैं। आपको बता दें कि करिश्मा तन्ना टीवी की दुनिया का एक जाना-माना नाम है। करिश्मा तन्ना सोशल मीडिया पर कभी अपने ट्रेडिशनल लुक, कभी ग्लैमरस अंदाज तो कभी बोल्ड अवतार में तहलका मचाती रहती हैं। करिश्मा के सोशल मीडिया पर हजारों फैन्स हैं, जो उनकी तस्वीरों पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते हैं। सोशल मीडिया पर करिश्मा तन्ना काफी लोकप्रिय हैं और फैन्स उनके हर अंदाज के दीवाने हैं। करिश्मा तन्ना को उनकी बोल्डनेस और ड्रेसिंग सेंस के लिए जाना जाता है। करिश्मा अक्सर अपने हॉट अंदाज से फैन्स की नींद उड़ाती नजर आती हैं। एक बार फिर करिश्मा तन्ना ने अपन बोल्ड अवतार से इंस्टाग्राम पर तहलका मचा दिया है। इन तस्वीरों में करिश्मा तन्ना बेहद हॉट एंड बोल्ड नजर आ रहीं हैं। आपको बता दें कि करिश्मा तन्ना ने अपनी दमदार एक्टिंग के दम पर टीवी की दुनिया में एक खास मुकाम हासिल किया है।



## मीरा चोपड़ा को नहीं मिला काम! स्ट्रगल को लेकर अभिनेत्री ने बयां किया दर्द

गैंग ऑफ घोस्ट्स 1920 लंदन और सेक्शन 375 जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं एक्ट्रेस मीरा चोपड़ा इन दिनों अपने एक बयान को लेकर खबरों में छाई हुई हैं। मीरा चोपड़ा का का बयान उनके करियर स्ट्रगल से संबंधित है। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा को लेकर कहा है कि उनकी वजह से इंडस्ट्री में उनको कोई काम नहीं मिला है। गौरतलब है कि मीरा चोपड़ा बॉलीवुड से हॉलीवुड में सफर करने वाली देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की चचेरी बहन हैं। मीरा चोपड़ा ने अपने ऐक्टिंग करियर की शुरआत तमिल और तेलुगू फिल्मों से की थी। इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड की ओर रुख किया हालांकि वह बॉलीवुड में उतनी सफल नहीं हो पाई जितना वह उमींद करती हैं। बॉलीवुड में 7 साल काम करने के बाद आखिरकार मीरा चोपड़ा ने अपने असलफल होने का कारण अपनी बहन प्रियंका चोपड़ा को बताया है।



## राय लक्ष्मी ने लूटा फैन्स का चैन और सुकून, बिकिनी में दिखीं बला की खूबसूरत

साउथ इंडियन फिल्मों की बोल्ड ऐक्ट्रेस राय लक्ष्मी सोशल मीडिया पर खासा ऐक्टिव रहती हैं और अक्सर इंस्टा रील से सुपर हॉट वीडियो शेयर करती रहती हैं। राय लक्ष्मी ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह पिंक कलर की बिकिनी में जबरदस्त अंदाज में नजर आ रही हैं। इस वीडियो में वह राय लक्ष्मी पिंक कलर की ब्रालेट आउटफिट में नजर आ रही हैं। ऐक्ट्रेस के इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैन्स उनकी खूब तारीफ भी कर रहे हैं।हाल ही में ऐक्ट्रेस ने स्विमिंग पूल में पिंक बिकिनी में ग्लैमरस पोज देते हुए कई फोटो शेयर की थी। जिसमें उनका अंदाज देखने लायक था। अब उनका वीडियो इंटरनेट पर तहलका मचा रहा है। कुछ दिन पहले राय लक्ष्मी ने अपना बर्थडे सेलिब्रेट करते हुए वीडियो और फोटो शेयर की थी जिसमें वह अपने खास दोस्तों के साथ मिलकर बर्थडे केक काटती नजर आ रही हैं। वीडियो में राय लक्ष्मी की खुशी उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रही थी।



**साल 2008 में धोनी के साथ भी जुड़ा था नाम-** राय लक्ष्मी उस वक्त ज्यादा सुर्खियों में आई थी जब उनका नाम भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ जुड़ा था।






## इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम का ऐलान, शेफाली वर्मा को वनडे टीम में मिली जगह

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम का इंग्लैंड दौरे के ऐलान हो गया है। ऑल इंडिया सीनियर वुमन्स सलेक्शन कमेटी ने इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट, तीन वनडे और तीव टी20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया। शेफाली वर्मा को पहली बार भारतीय महिला वनडे टीम में जगह मिली है। टेस्ट और वनडे टीम की कप्तानी मिताली राज को सौंपी गई है। वहीं टी20 में हरमनप्रीत कौर टीम की अगुवाई करेंगे।भारतीय महिला क्रिकेट टीम 16 जून से लेकर 19 जून तक इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगी। वहीं तीन मैचों की वनडे सीरीज की बात करें तो ये 27 जून से शुरू होगी। 3 जुलाई को तीसरा और आखिरी वनडे मैच खेला जाएगा। 9 जुलाई से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के साथ टी20 सीरीज खेलेगी। इसका आखिरी मुकाबला 15 जुलाई को होगा। महिला क्रिकेट टीम का नया कोच रमेश पवार को बनाया गया है। गुरुवार को उनके कोच बनने के ऐलान हुआ।

**टेस्ट और वनडे टीम-** मिताली राज (कप्तान), स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत (उपकप्तान), पूनम राउत, प्रिया पुनिया, दीप्ति शर्मा, जेमिमाह रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, स्नेह राणा, तान्या भाटिया (विकेटकीपर), इंद्राणी रॉय (विकेटकीपर), झूलन गोस्वामी, शिखा पांडे, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, पूनम यादव, एकता बिष्ट, राधा यादव।

**टी20 टीम-** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, जेमिमाह रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, ऋचा घोष, हरलीन देओल, स्नेह राणा, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), इंद्राणी रॉय (विकेटकीपर), शिखा पांडे, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, पूनम यादव, एकता बिष्ट, राधा यादव, सिमरन दिल बहादुर।

## 22 साल के शापोवलोव ने हार से पहले राफेल नडाल के ऐसे उड़ाए होश



रोम। राफेल नडाल ने क्लेकोर्ट पर लंबे और चैलेंजिंग मैचों में अपना दमखम फिर से साबित करते हुए तीन सेट तक चले मैच में जीत हासिल की और इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अपने 35वें जन्मदिन मनाने की तैयारियों में लगे नडाल ने 22 साल के डेनिस शापोवलोव के खिलाफ शानदार वापसी करके 3-6, 6-4, 7-6 (3) से जीत दर्ज की। नडाल पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में भी 3-0 से पीछे चल रहे थे। इसके बाद उन्होंने तीसरे सेट में 6-5 के स्कोर पर दो मैच प्वॉइंट बचाए।रोम में नौ बार के चैंपियन नडाल का अगला मुकाबला अलेक्सांद्र ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने 2017 में यह खिताब जीता था। पिछले सप्ताह मैड्रिड ओपन का भी खिताब जीतने वाले ज्वेरेव ने शानदार वापसी करके केई निशिकोरी को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। इससे पहले टॉप रैंकिंग के नोवाक जोकोविच ने क्वालीफायर अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को आसानी से 6-2, 6-1 से हराया। जोकोविच अब स्टेफनोस सिटिसिपास का सामना करेंगे।

## ऋद्धिमान साहा ने दोबारा कोरोना पॉजिटिव निकलने पर दी सफाई, लोगों से की यह अपील



नई दिल्ली। आईपीएल बायो बबल में कोरोना से संक्रमित पाए गए सनराइजर्स हैदराबाद और भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा ने शुक्रवार को अपनी स्वास्थ्य स्थिति पर स्पष्टीकरण देते हुए लोगों से भ्रामक जानकारी न फैलाने का आग्रह किया है। दूसरी बार कोरोना संक्रमित पाए जाने की खबरों के बाद साहा ने यह स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने बताया कि उनका एक कोरोना टेस्ट पॉजिटिव और एक नेगेटिव आया है। उन्होंने कहा कि वह अब पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं, इसलिए सभी से अनुरोध है कि पूरी जानकारी होने के बगैर कोई भ्रामक जानकारी न फैलाएं।साहा ने कहा, मेरी क्वारंटाइन अवधि अभी खत्म नहीं हुई है। नियमित जांच के एक हिस्से के तौर पर मेरा दो बार टेस्ट किया गया है, जिसमें एक नेगेटिव था और दूसरा पॉजिटिव, हालांकि मैं बहुत बेहतर महसूस कर रहा हूं।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

**क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,**
**कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।**

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# अनाथों की सुध



राम गोपाल सैनी

दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने फैसला किया है कि वह कोविड से अनाथ हुए बच्चों की शिक्षा और जीवन-यापन का खर्च उठाएगी। कई बच्चों ने कोरोना संक्रमण से अपने मां-बाप, दोनों को खो दिया है। जिस तरह की खबरें आ रही हैं, उनसे यही आशंका होती है कि ऐसे बच्चों की संख्या काफी होगी। किसी भी संवेदनशील सरकार और समाज की जिम्मेदारी है कि वह ऐसे बच्चों को आर्थिक संकट और असुरक्षा से बचाए। अगर दिल्ली सरकार ऐसा करती है, तो वह अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएगी। इसके अलावा, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यह भी घोषणा की है कि जिन बुजुर्गों ने अपने बच्चों को खोया है, जो उनके आर्थिक संबल थे, उन्हें भी सरकार की ओर से सहायता दी जाएगी। अच्छा होगा, अगर अन्य राज्य सरकारें भी ऐसी पहल करें। अभी तो कोरोना की लहर चल ही रही है और इस वक्त सबसे बड़ी जरूरत इस लहर को नियंत्रित करने और इससे होने वाले नुकसान को यथासंभव सीमित करने की है। लेकिन जब यह तूफान गुजर जाएगा, तब सबसे बड़ी जरूरत तबाही का जायजा लेने और उससे प्रभावित लोगों को अपना जीवन फिर से पटरी पर लाने में मदद करने की होगी। देश की अर्थव्यवस्था कोरोना की मार के पहले भी कुछ धीमी रफ्तार से चल रही थी और अब महामारी ने तो इसकी गति बहुत ही कम कर दी है। भविष्य में सब कुछ सामान्य हो जाने के बाद भी शायद अर्थव्यवस्था के ठीक-ठाक हालत में आने में काफी वक्त लग जाए। ऐसे में, जो भी लोग अपना आर्थिक सहारा खो चुके हैं, उनके लिए बहुत कठिन हालात होंगे। इनमें बेसहारा बुजुर्ग और अनाथ बच्चे शामिल हैं। इसलिए उन पर विशेष ध्यान देने की और उन्हें सहायता देने की जरूरत होगी। दिल्ली राज्य में यह काम करना अपेक्षाकृत आसान होगा।

# घर-घर सर्वे कर टेस्टिंग, ट्रेकिंग और ट्रीटमेंट पर फोकस

- ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल वैन से व्यापक स्तर पर किया जाएगा एंटीजन टेस्ट
- जयपुर की 20 सीएचसी को बनाया जाएगा कोविड केयर सेंटर



जयपुर । चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने कहा कि जयपुर जिले में फैल रहे कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए संपूर्ण क्षेत्र में घर-घर जाकर टेस्टिंग, ट्रेकिंग की जाएगी और ट्रीटमेंट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा विभाग की मोबाइल वैन के जरिए व्यापक स्तर पर एंटीजन और आरटीपीसीआर टेस्ट करवाए जाएंगे ताकि पॉजीटिव मरीजों को चिन्हित कर उनका तुरंत उपचार शुरू किया जा सके। डॉ. शर्मा जयपुर में कोरोना संक्रमण के फैलाव पर नियंत्रण के लिए जयपुर जिले सहित चिकित्सा सुविधाओं से जुड़े सभी प्रशासनिक, पुलिस, चिकित्सा अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे।

बैठक में चिकित्सा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत, चिकित्सा शिक्षा सचिव श्री वैभव गालरिया, चिकित्सा सचिव श्री सिद्धार्थ महाजन, वाणिज्य कर आयुक्त श्री रवि जैन, जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त श्री गौरव गोयल, जयपुर जिला कलेक्टर श्री अंतर सिंह नेहरा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अजयपाल सिंह लांबा, जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्री शंकरदत्त शर्मा, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर भंडारी, सीएमएचओ प्रथम डॉ. नरोत्तम शर्मा, द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया सहित कई अन्य अधिकारीगण ऑनलाइन जुड़े रहे।

# मुश्किल घडी में ब्राह्मण समाज ने की मदद की पहल



जयपुर (हमारा वतन) देश प्रदेश में फैल रही कोरोना रूपी महामारी में गरीब व आमजन अपने आप को असहाय महसूस कर रहा है, लेकिन उन गरीब असहाय व्यक्तियों के लिए ब्राह्मण समाज राजस्थान के जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने अपनी जिला कार्यकारिणी के साथ हर संभव मदद का प्रयास कर रहे हैं। इसी के तहत ब्राह्मण समाज राजस्थान चौमूँ तहसील उपाध्यक्ष डॉ. राम प्रकाश शर्मा ने 11000 रूपए का चेक जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी को सौंपा है, जिन से मोक्ष धाम में लकड़ियां खरीदकर उन शवों का अंतिम संस्कार किया जाएगा जो कि लावारिस स्थिति में है या उनके परिजन आर्थिक रूप से बिल्कुल असमर्थ हैं । इसी के साथ इन विकट परिस्थितियों में जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी हर संभव मदद के लिए तत्पर रहकर जन सेवा में जुटे हुए हैं। ब्राह्मण समाज की जिला कार्यकारिणी के इस पुनीत कार्य का ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अम्बिका प्रकाश पाठक एवं प्रदेश प्रवक्ता पं गोपाल भारद्वाज चेतावाला ने प्रशंसा की है।

# नर्सेज का पदनाम परिवर्तित करने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार



जयपुर (हमारा वतन) नर्सेज की लम्बे समय से पदनाम परिवर्तित करने की मांग को राज्य सरकार के मंत्री परिषद से स्वीकृत होने पर जिले के नर्सेज संगठनो ने खुशी जताई है । राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत के जयपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार सैनी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा नर्सिंग के पदनाम परिवर्तन की मांग को पूरा करने पर राजस्थान सरकार का हार्दिक आभार व्यक्त करते है । नर्सिंग कर्मियों द्वारा कोरोना काल मे दी गई सेवाओ से अभिभूत होकर मुख्यमंत्री एवम चिकित्सा मंत्री द्वारा नर्सिंग का पदनाम परिवर्तन करना गौरव का विषय है । भविष्य मे स्टाफ नर्स - नर्सिंग ऑफिसर, नर्स प्रथम - सीनियर नर्सिंग ऑफिसर एवम नर्सिंग टूटर- नर्सिंग व्याख्याता कहलाएंगे ।

गौरतलब है की विगत कई बर्षो से प्रदेश के नर्सिंग कर्मचारी इस मुद्दे पर गांधीवादी तरीके से आंदोलनरत थे एवम कोरोना काल मे अपनी ड्यूटी का निर्वाह कर रहे थे । गत सप्ताह पूरे प्रदेश की जिला कमिटियों द्वारा भेजे गए मांगपत्रों पर सरकार द्वारा पदनाम परिवर्तित कर नर्सेज को तोहफ़ा देना राज्य सरकार की संवेदनशीलता को प्रदर्शित करता है ।

## 12वीं बोर्ड परीक्षा पर कोई नया निर्णय नहीं, अफवाह पर ध्यान न दें: सीबीएसई

नई दिल्ली (एजेंसी)। सीबीएसई का कहना है कि 12 वीं बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर फिलहाल कोई नया निर्णय नहीं लिया गया है। परीक्षाओं को रद्द करे जाने जाने की खबरों को बोर्ड ने अफवाह करार दिया है। बोर्ड का यह भी कहना है कि इस विषय में कोई अन्य नया निर्णय भी नहीं लिया गया है। सीबीएसई ने बारहवीं कक्षा की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में कुछ मीडिया रिपोर्टों का जवाब देते हुए यह बात कही है। सीबीएसई ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा है कि यह स्पष्ट किया जाता है कि सीबीएसई कक्षा 12 परीक्षाओं के संबंध में ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है जैसा कि मीडिया के कुछ वर्गों में अनुमान लगाया जा रहा है। इस मामले में लिया गया कोई भी निर्णय आधिकारिक तौर पर जनता को सूचित किया जाएगा।



# ऑक्सीजन किल्लत को लेकर धोबलाई ऑक्सीजन प्लांट पर विरोध प्रदर्शन

चौमूं (हमारा वतन) चौमूं उपखंड के एकमात्र धोबलाई स्थित ऑक्सीजन प्लांट होने के बावजूद भी चौमूं निवासियों को ऑक्सीजन नहीं मिल पा रही है । इसी बात को लेकर धोबलाई ऑक्सीजन प्लांट पर पूर्व संस्कृत विश्वविद्यालय अध्यक्ष अनुराग शर्मा के नेतृत्व में सरपंचों ने विरोध प्रदर्शन किया । करीब एक दर्जन ग्राम पंचायतों के सरपंच धरने में शामिल हुए । धरने की सूचना मिलने पर गोविंदगढ़ थानाधिकारी रामकिशोर शर्मा मौके पर पहुंचे और समझाईश के बाद मामले को शांत करवाया । प्रदर्शन कर रहे सरपंचों और युवा नेताओं ने प्रशासन से चौमूं के मरीजों को ऑक्सीजन सिलेंडर प्राथमिकता से देने की मांग की । चौमूं निवासियों की पूर्ति होने के बाद ही बाहर के अस्पतालों को ऑक्सीजन सिलेंडर देने की बात कही । अनुराग शर्मा ने बताया कि मरीज के परिजनों को कई घंटों तक कतार में लगने के बाद ऑक्सीजन सिलेंडर मिलता है जो बहुत गलत है । परिजन मरीज का ध्यान रखेंगे या इधर ऑक्सीजन सिलेंडर का इसके बाद गोविन्दगढ डिप्टी संदीप सारस्वत को ज्ञापन भी सौंपा गया ।

# श्री फाउंडेशन के सहयोग से किया 250 किटों का वितरण



चौमूं (हमारा वतन) राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय चोमू में माइल्ड एवं मॉडरेट सिम्टम्स वाले कोरोना रोगियों को 250 किटों का वितरण किया गया ।

समें कोरोना रोगियों को एवं सर्दी खांसी जुकाम एवं बुखार से संबंधित आमजन को सूखा वातश्लेमिक ज्वर हर एवं गोजिह्वादि काढ़ा , Ayush 64 capsule ,त्रिभुवन कीर्ति रस ,संशमनी वटी एवं अणु तेल का वितरण किया गया । जो कि पूर्व से भी किया जा रहा है । साथ ही राजकीय चिकित्सालय डॉक्टर फतेह सिंह सैनी, डा यादराम ,कंपाउंडर जुगल किशोर यादव , लक्ष्मण प्रसाद तथा परिचारक कैलाश चंद एवं श्री फाउंडेशन चौमू के सहयोग से पोस्टकोविड मरीजों को एवं स्वस्थ आमजन को रोग प्रतिरोधक क्षमता वर्धक गिलोय घनवटी एवं अश्वगन्धा चूर्ण का वितरण किया गया ।

इस दौरान डॉ एस.के. सैनी ने आमजन को इसके बचाव व लोकडाउन का सख्ती से पालन करने की हिदायत दी।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा